कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 22-03-2025

विषयः- अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त थाना चेतगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक चेतगंज के नेतृत्व में थाना चेतगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-55/2025, धारा- 298 बीएनएस थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त जगन्नाथ पुत्र स्वर्गीय विश्वनाथ निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना चकिया जिला चंदौली उम्र 32 वर्ष को संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के मैदान वाराणसी से दिनांक 22.03.2025 को गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरणः- दिनांक 21/03/2025 को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना चेतगंज पर मु0अ0सं0-55/2025 धारा 298 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। दिनांक 22.03.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से मिलता जुलते व्यक्ति की संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के मैदान पर होने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना चेतगंज पुलिस बल के साथ संपूर्णानन्द विश्वविद्यालय पहुँचा। उक्त व्यक्ति पुलिस वालों को अपनी ओर आता हुआ देखकर वहां से भागने लगा जिसे पुलिस बल द्वारा घेरघार कर हिकमत अली से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ अभियुक्तः- पूछताछ में अभियुक्त जगन्नाथ बता रहा है कि मै रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करता हूँ। दिनांक- 21.03.2025 रात को नशे की हालत में मैने अमर उजाला तिराहे पर सड़क किनारे स्थापित एक मंदिर में रखी कुछ मूर्तियों को क्रोध में आकर के खंडित कर तोड़ दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- जगन्नाथ पुत्र स्वर्गीय विश्वनाथ निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना चकिया जिला चंदौली उम्र 32 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- स्थान- संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के मैदान वाराणसी, दिनांक 22.03.2025।

आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0- 55/2025 धारा 298 बीएनएस थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री दिलीप कुमार मिश्रा थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 शुभेन्दु दीक्षित चौकी प्रभारी नाटी ईमली थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी
3. उ0नि0 अभिषेक कुमार त्रिपाठी थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
4. म0उ0नि0 मीनू सिंह चौकी प्रभारी तेलियाबाग थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
5. उ0नि0 संदीप चौरसिया थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
6. का0 अरविन्द कुमार थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
7. का0 अमित कुमार थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल,
पुलिस उपायुक्त जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी।